AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

कैंपस प्लेसमेंट में छह का चयन

लखनऊ। लविवि के इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज की ओर से आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में छह विद्यार्थियों का चयन हुआ। इनमें निवेदिता यादव, मेराज खान, मोनीश मिर्जा, सतकशी निगम, ईशान शर्मा व श्रुति पांडेय हैं। ये न्यूरोपेक्स फार्मास्यूटिकल्स साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड में मेडिकल रेप्रेसेंटेटिव पद पर सेवा देंगे। इन्हें प्रतिवर्ष दो लाख रुपये का पैकेज मिलेगा। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के निदेशक प्रो. पुष्पेंद्र त्रिपाठी ने शुभकामनाएं दी हैं। (संवाद)

फिल्म महोत्सव पैराडिसो का आगाज

लखनऊ। लविवि के कला एवं शिल्प महाविद्यालय में मंगलवार को दो दिवसीय फिल्म महोत्सव सिनेमा पैराडिसो शुरू हुआ। उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डीन प्रो. रतन कुमार ने किया। छात्रों को फिल्म आफ्टर इमेज दिखाई गई। इससे राजनीति की शक्तियों को दर्शाया गया। फिल्म में कलाकार व उनके जीवन का संघर्ष भी दिखाया गया। 150 से अधिक विद्यार्थियों ने फिल्म देखकर उसकी सराहना की। (संवाद)

पिघलते ग्लेशियर बड़े खतरे का संकेत

लखनऊ। लविवि के भूगर्भ विज्ञान विभाग में डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी की ओर से सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। पहले दिन के प्रथम व्याख्यान में मुख्य अतिथि जोधपुर विवि के प्रो. सुरेश चंद्र माथुर ने राजस्थान के जल संचयन से संबंधित बावलियों और धरोहरों का महत्व बताया। विभागाध्यक्ष प्रो. अजय मिश्रा ने कहा, हिमालय क्षेत्र के पिघलते ग्लेशियर बड़े खतरे के संकेत हैं। (संवाद)

HINDUSTAN PAGE 6

डीफार्मा के छह छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंस के छह छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट हुआ। प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में विद्यार्थियों का न्यूरोपेक्स फार्मास्यूटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी में प्लेसमेंट हुआ। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. प्रणति श्रीवास्तव ने बताया कि डीफार्म द्वितीय वर्ष के निवेदिता यादव, मेराज, मोनीश, सतकशी, ईशान और श्रुति का चयन हुआ।

आर्ट्स कॉलेज के छात्रों ने देखी फिल्म

लखनऊ। एलयू के ललित कला संकाय में दो दिवसीय फिल्म महोत्सव सिनेमा पैराडिसो का शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन अधिष्ठाता डॉ. रतन कुमार ने किया। 150 से अधिक विद्यार्थियों ने आंद्रेज वायदा द्वारा निर्देशित फिल्म आफ्टर इमेज देखी। फिल्म में दिखाया गया है कि पॉलिटिकल पावर किस तरह कलाकार पर हावी होकर अपने एजेंडे के अनुसार उसका इस्तेमाल करती है।

i-NEXT PAGE 4

LUCKNOW (30 May): लखनऊ विश्वविद्यालय की स्टार एथलीट काजल शर्मा और अर्चना पाल से खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में धमाकेदार प्रदर्शन की उम्मीद थी. 3000 मीटर स्टीपेल चेज स्पर्धा में काजल तीसरे नंबर पर रही और उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा. अर्चना कोई कमाल नही कर पाईं और पदक की दौड़ से बाहर हो गईं. वही, मेरठ यूनिवर्सिटी की तान्या चौधरी ने हैमर थ्रो में रिकार्ड प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किए.

एलयू : 73 केंद्रों पर होगी परीक्षा

एलयू ने भेजा था 129 केंद्रों का प्रस्ताव

LUCKNOW (30 May): संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा-2023 के लिए केंद्रों की फाइनल सूची जारी हो गई है. परीक्षा के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय एवं पांचों जिलों को मिलाकर 73 केंद्र बनाए गए हैं. इनमें 34,150 अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा के लिए पंजीकृत हैं. सबसे ज्यादा 35 परीक्षा केंद्र एवं 17,100 परीक्षार्थी लखनऊ में रहेंगे. प्रवेश परीक्षा के आयोजन की जिम्मेदारी निभाने वाले बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी ने एलयू सहित अन्य विश्वविद्यालयों को केंद्रों की यह सूची भेज दी है.

सेंटर्स से मांगी गई थी लिस्ट

बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए विलंब शुल्क के साथ 20 मई तक आवेदन का मौका दिया गया था. इस दौरान प्रदेश भर से प्रस्तावित केंद्रों की सूची एवं छात्र संख्या भी मांगी गई थी. एलयू की ओर से लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, रायबरेली को मिलाकर 129 केंद्र प्रस्तावित करके भेजे गए थे. इनमें से सिर्फ 73 केंद्र फाइनल किए गए हैं. शांतिपूर्ण परीक्षा कराए जाने के लिए हर नोडल अधिकारी, कोआर्डिनेटर के साथ-साथ हर जिले में एक डिप्टी नोडल अधिकारी व एक नोडल कोआर्डिनेटर भी बने हैं.

जिलेवार केंद्र एवं आवंटित परीक्षार्थियों की संख्या

जिला	केंद्र	परीक्षार्थी संख्या
लखनऊ	35	17,100
हरदोई	09	43,00
रायबरेली	10	4350
लखीमपुर खीरी	10	4700
सीतापुर	09	3700

> बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की ओर से बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए केंद्रों की सूची आ गई है. एलयू से जुड़े पांचों जिलों को मिलाकर 73 केंद्र बनाए गए हैं.
> **प्रो. राकेश द्विवेदी**, कोऑर्डिनेटर, बीएड प्रवेश परीक्षा, एलयू

● बुंदेलखंड विश्वविद्यालय ने एलयू को भेजी फाइनल सूची

आठ जून हो जारी होंगे प्रवेश पत्र

बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए आठ जून को अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जारी किए जाने की तिथि प्रस्तावित की गई है. अभ्यर्थी बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी की वेबसाइट https://bujhansi.ac.in के माध्यम से इसे डाउनलोड कर सकेंगे.

PICS: DAINIK JAGRAN-I NEXT

● लखनऊ की एथलीट काजल शर्मा.

HINDUSTAN PAGE 6

73 केंद्रों पर होगी बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा

जासं, लखनऊ : संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा-2023 के लिए केंद्रों की फाइनल सूची जारी हो गई है। परीक्षा के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय एवं पांचों जिलों को मिलाकर 73 केंद्र बनाए गए हैं। इनमें 34,150 अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा के लिए पंजीकृत हैं। सबसे ज्यादा 35 परीक्षा केंद्र एवं 17,100 परीक्षार्थी लखनऊ में रहेंगे। प्रवेश परीक्षा के आयोजन की जिम्मेदारी निभाने वाले बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी ने लवि सहित अन्य विश्वविद्यालयों को केंद्रों की यह सूची भेज दी है।

बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए विलंब शुल्क के साथ 20 मई तक आवेदन का मौका दिया गया था। इस दौरान प्रदेश भर से प्रस्तावित केंद्रों की सूची एवं छात्र संख्या भी मांगी गई थी। लवि की ओर से लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, रायबरेली को मिलाकर 129 केंद्र प्रस्तावित करके भेजे गए थे। इनमें से सिर्फ 73 केंद्र फाइनल किए गए हैं। शांतिपूर्ण परीक्षा कराए जाने के लिए हर नोडल अधिकारी, कोआर्डिनेटर के साथ-साथ हर जिले में एक डिप्टी नोडल अधिकारी व एक नोडल कोआर्डिनेटर भी बने हैं।

लखनऊ विश्वविद्यालय ने भेजा था 129 केंद्रों का प्रस्ताव, बुंदेलखंड विश्वविद्यालय ने लवि को भेजी फाइनल सूची

जिलेवार केंद्र एवं आवंटित परीक्षार्थियों की संख्या

जिला	केंद्र	परीक्षार्थी
लखनऊ	35	17,100
हरदोई	9	43,00
रायबरेली	10	4350
लखीमपुर	10	4700
सीतापुर	9	3700

> बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की ओर से बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए केंद्रों की सूची आ गई है। लवि से जुड़े पांचों जिलों को मिलाकर 73 केंद्र बनाए गए हैं।
> **प्रो. राकेश द्विवेदी**, कोआर्डिनेटर, बीएड प्रवेश परीक्षा, लवि

आठ से जारी होंगे प्रवेश पत्र

बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए आठ जून को अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जारी किए जाने की तिथि प्रस्तावित की गई है। अभ्यर्थी बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी की वेबसाइट https://bujhansi.ac.in के माध्यम से इसे डाउनलोड कर सकेंगे।

लवि के छह विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट आफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में छह छात्र-छात्राओं का न्यूरोपेक्स फार्मास्यूटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में प्लेसमेंट हुआ। डीफार्म द्वितीय वर्ष की निवेदिता यादव, मेराज खान, मोनीश मिर्जा, सतकशी निगम, ईशान शर्मा तथा श्रुति पांडेय का चयन मेडिकल रेप्रेसेंटेटिव के पद पर हुआ है। (जासं)

THE PIONEER PAGE 3

WORKSHOP

The department of geology, Lucknow University, is organising a 7-day training workshop under the DST- STUTI programme. The programme started on Tuesday with the focal theme on water resource management. The programme is being live-streamed for overseas participants and those from other regions of the country. The programme focuses on the instruments provided by DST under DST PURSE and DST FIST. Prof Vibhuti Rai is the convenor of the programme. The plenary lecture was delivered by Prof SC Mathur of Jodhpur University.



JAGRAN CITY PAGE I

मेरठ की तान्या ने हैमर थ्रो में बनाया रिकार्ड, लवि की काजल ने जीता कांस्य

जासं, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय की स्टार एथलीट काजल शर्मा और अर्चना पाल से खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में धमाकेदार प्रदर्शन की उम्मीद थी। 3000 मीटर स्टीपल चेज स्पर्धा में काजल तीसरे नंबर पर रही और उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। अर्चना कोई कमाल नहीं कर पाईं और पदक की दौड़ से बाहर हो गईं। वहीं, मेरठ यूनिवर्सिटी की तान्या चौधरी ने हैमर थ्रो में रिकार्ड प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। तान्या ने 60.61 मीटर का थ्रो किया।

टीम में साविती बाई फुले पुणे और अन्ना यूनिवर्सिटी विजेता : इकाना स्पोर्ट्स सिटी के टेनिस कोर्ट पर हुए महिला टेनिस के फाइनल में साविती बाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी ने गत विजेता उत्तराखंड यूनिवर्सिटी को 2-0 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। पुरुष वर्ग के मुकाबले दोनों के बीच में अन्ना यूनिवर्सिटी ने भारविंदर सिंह चेयेन्दर को 2-1 से हराकर रजिंपल जगह का गौरव हासिल किया। कांस्य पदक पुरुष वर्ग में गुजरात और महिला वर्ग में जैन यूनिवर्सिटी ने जीते।

400 मीटर पुरुष दौड़ में मेरठ के नितिन कुमार को प्रथम, पूर्वांचल यूनिवर्सिटी जौनपुर के अभिनव यादव को रजत

इकाना स्पोर्ट्स सिटी के टेनिस कोर्ट पर मुकाबले के बाद अन्ना यूनिवर्सिटी की टीम ट्रॉफी के साथ

वंचित डिस्कस थ्रो के मुकाबला में बरकतुल्लाह यूनिवर्सिटी भोपाल की शालिनी चौधरी ने 52.60 मीटर थ्रो के साथ नया खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स रिकार्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 2022 में हुए इन खेलों में 47.07 मीटर के रिकार्ड को तोड़ा। पुरुष 20 किमी रेस वाक में पंजाबी यूनिवर्सिटी के साहिल ने 1:27:52.35 के समय के साथ और पुरुष हैमर थ्रो में केआइआइटी भुवनेश्वर के अजय ने 58.27 मीटर थ्रो के साथ स्वर्णिम सफलता हासिल की। उधर, पुरुष हाकी में पंजाबी और गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी फाइनल में पहुंचे।

जौनपुर के अभिनव को रजत

जौनपुर के अभिनव को रजत

पुरुष 400 मीटर दौड़ में मेरठ की सिंह यूनिवर्सिटी मेरठ के नितिन कुमार ने 47.39 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। तकनिक थ्रो में पूर्वांचल यूनिवर्सिटी जौनपुर के अभिनव यादव ने 67.42 मी. थ्रो के साथ रजत पदक अपने नाम किया। इस वर्ग का स्वर्ण पदक केआइआइटी के विक्रम मांझी ने 80 मीटर थ्रो के साथ जीता।

पुरुष हैमर थ्रो
- स्वर्ण: अजय कुमार (केआइआइटी, भुवनेश्वर)-59.27 मीटर, रजत: शुभ राठौर (पंजाब यूनिवर्सिटी)-57.30 मीटर, कांस्य: जय पंत (गुरु काशी यूनिवर्सिटी)-56.47 मीटर

पुरुष 20 किमी. पैदल चाल
- स्वर्ण: साहिल (पंजाबी यू.)- 1:27:52.35 सेकंड, रजत: नीरज कुमार पनिरिया (दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर वि.)-1:32:32.75, कांस्य: बिलिन जार्ज एंटो (महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी) 1:32:35.54

पुरुष जेवलिन थ्रो
- स्वर्ण: विक्रांत मलिक (केआइआइटी)-80 मीटर, रजत: अविनाश यादव (पूर्वांचल यूनिवर्सिटी, जौनपुर), 67.42 मी., कांस्य: हिमांशु लाकरा (गांधी यूनिवर्सिटी) 67.05 मीटर।

पुरुष 400 मीटर
- स्वर्ण: नितिन कुमार (चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी, मेरठ)-47.39 मीटर, रजत: वरुणमणि महतो (यूनिवर्सिटी ऑफ कोलोराडो), कांस्य: नीलम सनकत सिंह (गांधी विनायक यूनिवर्सिटी)।

अन्य परिणाम

महिला 400 मी.दौड़
- स्वर्ण: प्रिंसि सोनेट सिंह (यूनिवर्सिटी ऑफ मुंबई), रजत: शुभ राठौर (पंजाब यूनिवर्सिटी), कांस्य: स्नेहा के (गंगाई यूनिवर्सिटी)

पुरुष 4 गुणा 100 मीटर रिले
- स्वर्ण: हरियाणा स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी, रजत: हिमाचलप्रदेश यूनिवर्सिटी, कांस्य: पंजाब यूनिवर्सिटी

महिला 4 गुणा 100 मीटर रिले
- स्वर्ण: गंगाई यूनिवर्सिटी, रजत: गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, कांस्य: यूनिवर्सिटी ऑफ मुंबई

पुरुष 300 मीटर स्टीपल चेज
- स्वर्ण: सुमन बीरान भांत (गांधी विनायक यूनिवर्सिटी), रजत: निखिल ए.वेस्ट (गांधी विनायक यूनिवर्सिटी), कांस्य: रोहित तिवारी (कुमायूं यूनिवर्सिटी)।

महिला 100 मीटर बाधा दौड़
- स्वर्ण: प्रधान लक्ष्मी साहू (केआइआइटी), रजत: अंजली वी। (भारतीय यूनिवर्सिटी), कांस्य: साक्षी दत्ता (पंजाब यूनिवर्सिटी)।

पुरुष 110 मीटर बाधा दौड़
- स्वर्ण: राहुल अश्विन (भारतियर यूनिवर्सिटी), रजत: देवकान्त पाण्डे (शिवाजी यूनिवर्सिटी), कांस्य: सुशान्त नन्दी (बंगलोर यूनिवर्सिटी)।

महिला 3000 मीटर स्टीपल चेज
- स्वर्ण: कुसिमता टिग्गा (केआइआइटी), रजत: कविता। गोस्वामी टैगोर यूनिवर्सिटी), कांस्य: कंचनप्रभा (लखनऊ यूनिवर्सिटी)।

महिला हैडमिंटन
- महर्षि दयानन्द यूनिवर्सिटी ने मणिपुर यूनिवर्सिटी को 2-0 से, एकनाथ यूनिवर्सिटी ने लक्ष्मीबाई नेशनल स्पोर्ट्स ऑफ फिजिकल एजुकेशन को 2-0 से, यूनिवर्सिटी आफ दिल्ली ने यूनिवर्सिटी आफ मद्रास को 2-0 से हराया।

पुरुष बैडमिंटन
- गंगाई यूनिवर्सिटी कंपटेन्स ने यूनिवर्सिटी आफ दयानन्द को 3-0 से हराया
- एसआरएम यूनिवर्सिटी ने गंगाई यूनिवर्सिटी को 3-2 से हराया

महिला हाकी
- आइएसएम यूनिवर्सिटी ने गंगाई वि. को 3-1 से, एमडी वि. हरियाणा ने मैसूर को 2-1 से हराया।

PIONEER PAGE 3

अमृत महोत्सव काल में गुमनाम शहीदों की स्मृति में एलयू में बनेगी गैलरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

आजादी के 75 साल पूरे होने पर देश में मनाये जा रहे अमृत महोत्सव काल में आजादी की लड़ाई में गुमनाम शहीदों की स्मृति में लखनऊ विश्वविद्यालय ने शहीदों के लिए एक गैलरी के निर्माण करने का निर्णय लिया है। इस उन शहीदों से जुड़ी सभी जानकारियां समाहित रहेंगी, जिन्हें पाठ्य पुस्तकों में या तो उचित स्थान नहीं मिला है या फिर नगण्य जानकारी समाहित है। इस गैलरी को छात्रों व विशेषज्ञों की एक टीम तैयार करेगी। जो देश के प्रथम स्वतंत्र आंदोलन से लेकर आजादी मिलने तक उत्तर प्रदेश के क्रांतिकारियों के बारे में जानकारी एकत्र कर उन्हें स्थापित करेगी। विवि के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने बताया कि हम आजादी का 75 वर्ष अमृत काल के तौर पर मना रहे हैं। हमारी देश की आजादी के लिए हजारों क्रांतिकारियों व शहीदों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया है। पर मौजूदा समय में बड़े क्रांतिकारियों के नाम तो लोगों लोगों को आज भी याद है पर हजारों क्रांतिकारी व शहीद ऐसे हैं जो आज गुमनाम हो गए हैं। उनके बारे में ना तो कहीं कोई रिकॉर्ड संरक्षित है और न ही उनके बारे में पढ़ाया ही जा रहा है। ऐसे में लखनऊ विश्वविद्यालय अपने सभी क्रांतिकारियों की यादों को सहेजने के लिए और उनके बलिदानों को लोगों के सामने रखने के लिए इस नई पहल का शुरुआत किया है। प्रोफेसर राय ने बताया कि विश्वविद्यालय आर्ट्स कॉलेज में साबरमती आश्रम के तर्ज पर गांधी जी का आश्रम बना रहा है। उसी आश्रम में गुमनाम क्रांतिकारियों से जुड़े तथ्य जानकारियों के लिए एक गैलरी भी बनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के मॉडर्न हिस्ट्री विभाग ने ऐसे गुमनाम क्रांतिकारियों पर एक किताब लिखी है उसी किताब के आधार पर यहां पर यह गैलरी का निर्माण किया जायेगा। कुलपति प्रोफेसर ने बताया कि गैलरी में न केवल गुमनाम क्रांतिकारियों को जगह दी जायेगी बल्कि इसमें प्रमुख क्रांतिकारियों को भी रखा जाएगा। जैसे राम प्रसाद बिस्मिल जिन्हें 30 वर्ष की आयु में ब्रिटिश सरकार ने काकोरी कांड के लिए फांसी की सजा दी थी। गोविंद बल्लभ पंत, गणेश शंकर विद्यार्थी, चंद्रशेखर आजाद, अशफाक उल्ला खान, आचार्य नरेंद्र देव, रानी लक्ष्मीबाइ, मंगल पांडे, बेगम हजरत महल की जीवनी और उनके संघर्षों को साझा किया जाएगा। प्रोफेसर राय ने बताया कि इस गैलरी में भारत की स्वतंत्रता संग्राम में शामिल रहे सेनानी, प्रखर चिन्तक तथा समाजवादी राजनेता को भी जगह दी जायेगी। जिन्होंने 9 अगस्त 1942 को जब गांधी जी व अन्य कांग्रेस के नेता गिरफ्तार कर लिए गए, तब भूमिगत रहकर भारत छोड़ो आंदोलन को पूरे देश में फैलाया। जैसे डॉ लोहिया, अच्युत पटवर्धन, सादिक अली, पुरूषोत्तम टिकरम दास, मोहनलाल सक्सेना, रामनन्दन मिश्रा, सदाशिव महादेव जोशी जैसे दर्जन भर क्रान्तिकारी शामिल हैं।

इन प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों को शामिल किया जाएगा

- **बख्त खान-**: इनका जन्म रोहिलखंड में बिजनौर में हुआ था। यह ईस्ट इंडिया कंपनी की सेना में सूबेदार थे और ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ 1857 के भारतीय विद्रोह में भारतीय विद्रोही बलों के कमांडर-इन-चीफ थे।
- **मौलवी लियाकत अली-**: इन्होंने अंग्रेजो के खिलाफ 1857 में इलाहाबाद में बगावत का बिगुल फूंका था।

राव कदम सिंह. इन्होंने 1857 के भारतीय विद्रोह के दौरान ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ बगावत कर दिया था।

- **झलकारी बाई-**: ये झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की महिला सेना दुर्गादल की सेनापति थी। वीरांगना झलकारी बाई ने देश की खातिर अपना सब कुछ कुर्बान कर दिया।
- **चित्तू पांडेय-**: भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान उनके नेतृत्व के कारण जवाहरलाल नेहरू और सुभाष चंद्र बोस ने उन्हें बलिया का शेर के रूप में वर्णित किया था।
- **महावीर त्यागी-**: स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने कांग्रेस के बैनर तले किसान आंदोलन किया था। जिसके वजह से अंग्रेजों ने उन्हें 11 बार गिरफ्तार किया और यातनाएं दी।
- **राजा महेंद्र प्रताप सिंह-**: भारत के स्वतंत्रता सेनानी, पत्रकार, लेखक व क्रांतिकारी थे। जो आर्यन पेशवा के नाम से प्रसिद्ध थे।
- **धन सिंह गुर्जर-**: उन्होंने प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के दौरान 10 मई 1857 को मेरठ में मंगल पांडे के साथ क्रांति की शुरुआत की थी।

कला-शिल्प महाविद्यालय में शुरू हुआ फिल्म महोत्सव 'सिनेमा पैराडिसो'

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कला एवं शिल्प महाविद्यालय में दो दिवसीय फिल्म महोत्सव सिनेमा पैराडिसो का आयोजन हालदार हाल में मंगलवार से शुरू हुआ। इस महोत्सव में कलाकार व उनकी जिंदगी से जुडी फिल्मों का प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में आज आंद्रेज वायदा द्वारा निर्देशित की गई गई फिल्म आफ्टर इमेज का प्रदर्शन किया गया। फिल्म में दिखाया गया है कि पॉलिटिकल पावर्स किस तरह कलाकार पर हावी होकर अपने एजेंडे के अनुसार उसका इस्तेमाल करना चाहती हैं। यह फिल्म इस बात को उजागर करती है कि कला क्या है क्या वह सिर्फ सजावट की वास्तु है या फिर वह सामाजिक बदलाव ला सकती है। इस अवसर पर महाविद्यालय के लगभग 150 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए एवं सभी ने फिल्म की सराहना की। अंत में छात्रों ने फिल्म के बारे में अपने विचार रखे व संयोजक अनिरुद्ध आचार्य ने फिल्म से जुड़े छात्रों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रतन कुमार ने किया। इस अवसर पर छात्रों के अलावा शिक्षक अलोक कुमार, अनीता कनौजिया, रविकान्त पाण्डेय, डॉ. पूनम रवि जायसवाल, अमरनाथ गौड़, धर्मेन्द्र कुमार, लालजीत अहीर, अतुल हुन्डू, संजय कुमार, महेश कुमार विश्वकर्मा, डॉ. सपना वाजपेई, रीतिका, सुगन्धा महेश्वरी एवं प्रशान्त चौधरी आदि उपस्थित थे।

AMRIT VICHAR PAGE 4

एलयू में सात दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के भूविज्ञान विभाग मे मंगलवर सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो राजीव पांडे, डीन रिसर्च एवं मुख्य अतिथि के रूप में जोधपुर विश्विद्यालय से पधारे प्रो सुरेश चंद्र माथुर द्वारा किया गया। कार्यक्रम के संयोजक, प्रो विभूति राय ने बताया की इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारत के विभिन्न संस्थानों से लगभग 42 प्रशिक्षार्थि सम्मलित हुए हैं एवं अन्य लगभग 30 लोग आन लाइन मोड से जुड़े हुए हैं। इन सात दिनों में, 16 व्याखान विशेषज्ञों द्वारा दिये जायेंगे, 3 कर्शलायें होंगी एवं एक दिन फील्ड वर्क के लिए नैमिशरण जायेंगे। पहले तीन व्याख्यान संपादित हुए। पहले व्याखान में प्रो माथुर ने राजस्थान के जल संचयन से संबंधित आदिकाल के बाओली आदि एवं ऐतिहासिक धरोहरों के बारे में बताया।

SWATANTRA BHARAT PAGE 5

डी.फार्मा के छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट

लखनऊ । लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय की प्रेरणा से छात्र निरंतर अपना बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी कड़ी में इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 6 छात्र-छात्राओं का न्यूरोपेक्स फार्मास्यूटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी में कैंपस प्लेसमेंट हुआ।प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. प्रणति श्रीवास्तव ने बताया कि डी. फार्मा द्वितीय वर्ष के लिए आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में न्यूरोपेक्स कम्पनी में निवेदिता यादव, मेराज खान, मोनीश मिर्जा, सतकशी निगम, ईशान शर्मा तथा श्रुति पांडेय का चयन मेडिकल रेप्रेसेंटेटिव के पद पर हुआ है। कम्पनी ने छात्रों को 2.0 लाख प्रतिवर्ष प्लस ईपीएफ और इंसेंटिव का पैकेज ऑफर किया है।

दो दिवसीय फिल्म महोत्सव प्रारंभ

स्वतंत्र भारत, लखनऊ । लखनऊ विश्वविद्यालय के कला एवं शिल्प महाविद्यालय स्थित ललित कला संकाय में दो दिवसीय फिल्म महोत्सव सिनेमा पैराडिसो का आयोजन शुरू हुआ। इस महोत्सव में कलाकार व उनकी जिंदगी से जुड़ी फिल्मों का प्रदर्शन किया जा रहा है। आर्ट्स कालेज के हालदार सभागार में मंगलवार को आयोजित महोत्सव में आंद्रेज वायदा द्वारा निर्देशित की गई फिल्म आफ्टर इमेज का प्रदर्शन किया गया। फिल्म में दिखाया गया है कि पॉलिटिकल पावर किस तरह कलाकार पर हावी होकर अपने एजेंडे के अनुसार इसका इस्तेमाल करना चाहती हैं। यह फिल्म इस बात को उजागर करती है, कि कला क्या है क्या वह सिर्फ सजावट की वास्तु है या फिर वह सामाजिक बदलाव ला सकती है। इस अवसर पर महाविद्यालय के लगभग 150 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए एवं सभी ने फिल्म की सराहना की।

TARUN MITRA PAGE 2, 12

डी .फार्मा के छात्रों का न्यूरोपेक्स फार्मास्युटिकल्स में कैंपस प्लेसमेंट

लखनऊ,30 मई (तरुणमित्र)। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय की प्रेरणा से छात्र निरंतर अपना बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी कड़ी में इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 6 छात्र-छात्राओं का न्यूरोपेक्स फार्मास्युटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी में कैंपस प्लेसमेंट हुआ। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. प्रणति श्रीवास्तव ने बताया कि डी. फार्मा द्वितीय वर्ष के लिए आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में न्यूरोपेक्स कम्पनी में निवेदिता यादव, मेराज खान, मोनीश मिर्जा, सतकशी निगम, ईशान शर्मा तथा श्रुति पांडेय का चयन मेडिकल रेप्रेसेंटेटिव के पद पर हुआ है।

कम्पनी ने छात्रों को 2.0 लाख प्रतिवर्ष प्लस ईपीएफ और इंसेंटिव का पैकेज ऑफर किया है। इस अवसर पर इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के निदेशक प्रो. पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी ने चयनित छात्रों को बधाई दी।

फिल्म महोत्सव सिनेमा पैराडिसो का आयोजन प्रारंभ

लखनऊ, 30 मई (तरुणमित्र)। लखनऊ विश्वविद्यालय के कला एवं शिल्प महाविद्यालय स्थित ललित कला संकाय में दो दिवसीय फिल्म महोत्सव सिनेमा पैराडिसो का आयोजन शुरू हुआ। इस महोत्सव में कलाकार व उनकी जिंदगी से जुड़ी फिल्मों का प्रदर्शन किया जा रहा है। आर्ट्स कालेज के हालदार सभागार में मंगलवार को आयोजित महोत्सव में आंद्रेज वायदा द्वारा निर्देशित की गई फिल्म आफ्टर इमेज का प्रदर्शन किया गया।

फिल्म में दिखाया गया है कि पॉलिटिकल पावर किस तरह कलाकार पर हावी होकर अपने एजेंडे के अनुसार इसका इस्तेमाल करना चाहती हैं। यह फिल्म इस बात को उजागर करती है, कि कला क्या है क्या वह सिर्फ सजावट की वास्तु है या फिर वह सामाजिक बदलाव ला सकती है। इस अवसर पर महाविद्यालय के लगभग 150 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए एवं सभी ने फिल्म की सराहना की। अंत में छात्रों ने फिल्म के बारे में अपने विचार रखे व संयोजक अनिरुद्ध आचार्य ने फिल्म से जुड़े छात्रों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रतन कुमार ने किया। इस अवसर पर छात्रों के अलावा शिक्षक अलोक कुमार, अनीता कनौजिया, रविकान्त पाण्डेय, डॉ. पूनम रवि जायसवाल, अमरनाथ गौड़, धर्मेन्द्र कुमार, लालजीत अहीर, अतुल हुन्डू, संजय कुमार, महेश कुमार विश्वकर्मा, डॉ. सपना वाजपेई, रीतिका, सुगन्धा महेश्वरी एवं प्रशान्त चौधरी आदि उपस्थित थे। वहीं, बुधवार को सुबह 10 बजे से रूसी फिल्म आंद्रेय रुबलोव की स्क्रीनिंग की जाएगी।

TOI PAGE 4

Experts find answers to water resource crisis

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: A seven-day training workshop under the DST-STUTI programme with the theme 'Water Resource Management' began at Lucknow University's geology department on Tuesday.

The programme was organised in the light of water resource crisis, which is rapidly depleting in different parts of the country. The event, which was participated by 42 delegates from across the country, focuses on the instruments that have been provided by the department of science and technology (DST) under its PURSE and FIST programmes.

About 100 participants attended the event on day one

Programme convenor Prof Vibhuti Rai welcomed the participants and the plenary lecture was delivered by professor SC Mathur from Jodhpur University. Overall, about 100 participants, students and faculty members attended the first day